प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 339 | रविवार 30 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## मोदी की अध्यक्षता में रायपुर में डीजीपी-आईजीपी सम्मेलन

## आंतरिक सुरक्षा के नीति-निर्धारण पर मंथन

**रायपुर में आयोजित पुलिस महानिदेशकोंः महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भाग लिया, जहाँ षविकसित भारतरू सुरक्षा आयामष विषय पर गहन चर्चा हुई।**



नई दिल्ली 29 नवम्बर एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रायपुर में पुलिस महानिदेशकोंः महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। यह तीन दिवसीय सम्मेलन भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर में आयोजित किया गया था। 28 नवंबर से शुरू हुए इस सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री शुक्रवार शाम लगभग 7रू40 बजे रायपुर पहुँचे। मोदी के साथ, इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, गृह राज्य मंत्री, राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख शामिल हुए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, इस वर्ष सम्मेलन का विषय षविकसित भारतरू सुरक्षा आयामष है। सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद निरोध, आपदा प्रबंधन, महिला सुरक्षा और पुलिसिंग में फोरेंसिक विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग जैसे प्रमुख सुरक्षा मुद्दों पर विस्तृत विचार–विमर्श होगा। प्रधानमंत्री विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह तीन दिवसीय सम्मेलन देश भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर खुले और सार्थक विचार–विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 40 वर्षों से देश के लिए नासूर बने तीन 'हॉटस्पॉट'– नक्सलवाद, पूर्वोत्तर और जम्मू–कश्मीर की समस्या के निराकरण का मोदी सरकार ने स्थायी समाधान दिया है, और जल्द ही ये देश के बाकी हिस्सों जैसे बन जाएंगे। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डीजीपी–आईजीपी सम्मेलन समस्याओं के समाधान, चुनौतियों और रणनीतियों पर चर्चा से आगे बढ़कर आंतरिक सुरक्षा के नीति–निर्धारण का प्रमुख मंच बन गया है। शाह ने कहा कि देश पिछले 40 वर्षों से नक्सलवाद की समस्या का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, "देश के लिए नासूर बने तीन हॉटस्पॉटकृनक्सलवाद, पूर्वोत्तर और जम्मू–कश्मीर की समस्या के निराकरण के लिए मोदी सरकार ने स्थायी समाधान दिया है और जल्द ही ये देश के बाकी हिस्सों जैसे बन जाएंगे।" गृह मंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा, "राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) को सुदृढ़ बनाया गया, तीन नए आपराधिक कानूनों के साथ–साथ 'नारकोटिक्स' और भगोड़ों के खिलाफ भी मजबूत कानून बनाए गए हैं। तीनों नए आपराधिक कानूनों के पूरी तरह लागू होने के बाद भारत की पुलिसिंग दुनिया में सबसे आधुनिक हो जाएगी।" शाह ने नक्सलवाद के खिलाफ उठाए गए ठोस कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले सात वर्षों में 586 'फोर्टिफाइड' पुलिस स्टेशन बनाकर सुरक्षा ढांचा मजबूत किया है।

## अन्ना आंदोलन के साथी अब आप में हाशिये पर :पूर्व एमएलए राजेश गुप्ता का दर्द, बीजेपी में शामिल होते हुए केजरीवाल पर उठाए सवाल

***दिल्ली आप नेता राजेश गुप्ता के भाजपा में शामिल होने से आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। गुप्ता ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और षइस्तेमाल करो और फेंक दोष नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए भावुक होकर केजरीवाल को सम्मान देने की सलाह दी। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव से ठीक पहले हुए इस घटनाक्रम से आप की चुनावी रणनीति पर असर पड़ सकता है।***



नई दिल्ली 29 नवम्बर एजेंसी)दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) उपचुनाव से एक दिन पहले आम आदमी पार्टी को झटका लगा जब उसके वरिष्ठ नेता और दो बार के पूर्व विधायक राजेश गुप्ता शनिवार को पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली भाजपा की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, गुप्ता, जो पहले आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता और कर्नाटक प्रभारी थे, को दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल किया गया, जिन्होंने पार्टी का स्टोल पहनाकर उनका स्वागत किया।गुप्ता ने कहा कि वे (आप) अब उन लोगों की परवाह नहीं करते जिन्होंने अन्ना आंदोलन के दौरान अपनी नौकरियाँ छोड़ दीं। बहुत से लोग (आप) छोड़ना चाहते हैं और मुझे लगता है कि उन्हें छोड़ देना चाहिए। यह आसान नहीं है। उन्हें ऐसी जगह जाना चाहिए जहाँ उन्हें सम्मान मिलेय एक ऐसी पार्टी जो अपने कार्यकर्ताओं को इस्तेमाल करके फेंक न दे। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी में था, लेकिन उनके संयोजक ने न तो मुझसे बात की और न ही मुझसे मिलने आए। उन्होंने आगे कहा, षअरविंद जी, आपको सोचना होगा कि लोग आपको क्यों छोड़ रहे हैं। मैंने हमेशा आपके लिए लड़ाई लड़ी है, यहाँ तक कि टेलीविजन पर भी।उन्होंने व्यक्तिगत समझौतों और पार्टी के लिए अपनी कड़ी मेहनत के बारे में भी बात की। भाजपा के सचदेवा ने कहा कि आप नेता अब भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए अपने 12 साल के शासन के दौरान पैदा हुए मुद्दों की ओर इशारा कर रहे हैं जबकि भाजपा सरकार को सत्ता में आए हुए सिर्फ आठ महीने हुए हैं। गुप्ता ने आरोप लगाया कि आप और अरविंद केजरीवाल के पतन के पीछे सबसे बड़ा कारण पार्टी द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के साथ षइस्तेमाल करो और फेंक दोष की नीति अपनाना था।राजेश गुप्ता आप के साथ बिताए अपने वर्षों अपने साथ हुए कथित षमजाकष और केजरीवाल के नेतृत्व के अपने अनुभव को याद करते हुए भावुक हो गए, यहाँ तक कि एक बार तो वे फूट–फूट कर रोने लगे। उन्होंने आगे कहा कि जब आप बनी थी, तब कई नामी–गिरामी हस्तियों ने केजरीवाल से हाथ मिलाया था, लेकिन उन्होंने सभी को धोखा दिया, जिसके कारण एक के बाद एक लोग पार्टी छोड़कर चले गए। उन्होंने कहा, आज, दुर्भाग्य से, मैं भी उस सूची में शामिल हो गया हूँ।

## कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में संगठनात्मक किया बदलाव, 41 जिला कमेटियों में अध्यक्ष नियुक्त

रायपुर 29 नवम्बर एजेंसी)अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने छत्तीसगढ़ में पार्टी के संगठनात्मक बदलाव के तहत 41 जिला कांग्रेस कमेटियों में अध्यक्षों की नियुक्ति की है। पार्टी के पदाधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं की पसंद के अनुसार यह नियुक्ति 'संगठन सृजन अभियान' के तहत बड़े संगठनात्मक बदलाव का हिस्सा हैं जिसका मकसद राज्य में पार्टी के शहरी और जमीनी ढांचे को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि नियुक्तियों की सूची, जिसमें पांच महिला नेता भी शामिल हैं शुक्रवार देर शाम जारी की गई। कांग्रेस पार्टी की यह सूची कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्टी के राज्य प्रभारी सचिन पायलट के छत्तीसगढ़ के दो दिन के दौरे के खत्म होने के एक दिन बाद आई है। पायलट ने कहा था कि नई नियुक्तियों की सूची जल्द ही जारी की जाएगी। एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा है, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़ की जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति 'संगठन सृजन अभियान' के तहत किए गए हैं। उन्होंने बयान में कहा है कि इस पहल के तहत, हर जिले में नियुक्त एआईसीसी पर्यवेक्षक ने विस्तृत मूल्यांकन किया तथा पार्टी के पदाधिकारियोंऔर नेताओंसे बातचीत की। बाद में उन्होंने रिपोर्ट जमा की। बयान के मुताबिक इन रिपोर्ट को जमा करने के बाद, नियुक्ति से पहले प्रत्येक पर्यवेक्षक के साथ–साथ वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा की गई। एआईसीसी द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार श्रीकुमार शंकर मेनन को रायपुर शहर का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि राजेंद्र पप्पू बंजारे रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष होंगे।

## सीबीआईसी के अध्यक्ष बनें विवेक चतुर्वेदी, केंद्र सरकार ने किया नियुक्त

नयी दिल्ली केंद्र सरकार ने शनिवार को वर्तमान में केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य विवेक चतुर्वेदी को बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा अनुमोदित की गई तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी आदेश में इसकी घोषणा की गई। चतुर्वेदी 1990 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी हैं। वह 28 नवंबर 2025 को सीबीआईसी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए संजय कुमार अग्रवाल की जगह लेंगे। वह कर प्रशासन, सतर्कता एवं अनुपालन के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव के साथ इस शीर्ष पद पर पहुंचे हैं। सीबीआईसी वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन शीर्ष निकाय है, जो वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क जैसे अप्रत्यक्ष करों के प्रशासन के साथ–साथ व्यापार सुगमीकरण, प्रवर्तन तथा तस्करी निरोधक कार्यों की जिम्मेदारी निभाता है।

## खाद संकट में मृतका भूरिया बाई के परिवार से मिलने पहुचे केंद्रीय मंत्री सिंधिया

***ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परिवार को आगे कोई प्रशासनिक परेशानी न हो और सभी सहायता समय पर मिले। उन्होने विश्वास दिलाया कि भविष्य में किसी किसान को ऐसी असुविधा न झेलनी पड़े, इसके लिए खाद वितरण व्यवस्था को बिल्कुल दुरुस्त किया जा रहा है और वे स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं।***



गुना/बमोरी29नवम्बर एजेंसी) क।च खाद संकट में भूरिया बाई की दुखद मृत्यु के बाद केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शनिवार को अपना प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित कर सीधे मृतका के परिजनों से मिले। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया, गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि आज मैंने अपने परिवार का एक सदस्य खो दिया है। केन्द्रीय मंत्री ने तत्काल प्रभाव से मुख्यमंत्री रिलीफ फंड से छ2 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई और परिजन को मृत्यु प्रमाण पत्र दिलवाया।सिंधिया ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परिवार को आगे कोई प्रशासनिक परेशानी न हो और सभी सहायता समय पर मिले। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में किसी किसान को ऐसी असुविधा न झेलनी पड़े इसके लिए खाद वितरण व्यवस्था को बिल्कुल दुरुस्त किया जा रहा है और वे स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि मेरे अन्नदाताओं की सुरक्षा और सम्मान मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कोर्ट का बड़ा फैसला: लाल किला विस्फोट के 4 आरोपी 10 दिन NIA की हिरासत में, जांच तेज

***दिल्ली लाल किला विस्फोट मामले में एनआईए ने चार और मुख्य आरोपियों, डा. मुजम्मिल गनई, डा. अदील राठेर, डा. शाहीन सईद और मुफ्ती इरफान अहमद वागे को गिरफ्तार कर 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है, जिससे गिरफ्तारियों की कुल संख्या छह हो गई है। इस ताजा गिरफ्तारी से लाल किले विस्फोट में शामिल आतंकी साजिश के तार और गहरे होने की आशंका है, एनआईए मामले की तह तक पहुँचने के लिए पूछताछ कर रही है।***



नई दिल्ली 29 नवम्बर एजेंसी)पटियाला हाउस कोर्ट स्थित राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने शनिवार को दिल्ली विस्फोट मामले में पुलवामा (जम्मू–कश्मीर) निवासी डॉ. मुजम्मिल शकील गनई, अनंतनाग (जम्मू–कश्मीर) निवासी डॉ. अदील अहमद राथर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) निवासी डॉ. शाहीन सईद और शोपियां (जम्मू–कश्मीर) निवासी मुफ्ती इरफान अहमद वागे की एनआईए हिरासत 10 दिनों के लिए बढ़ा दी।इसे भी पढ़ेंरू क्मसीप ठसंेज त्वइम द्य दिल्ली ब्लास्ट की परतें खुल रहीं, संदिग्ध मुजम्मिल के फरीदाबाद में बने थे दो और ठिकाने, छप्। की जांच तेजप्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष एनआईए न्यायाधीश) अंजू बजाज चंदना ने बंद कमरे में हुई सुनवाई में आरोपियों की एनआईए हिरासत 10 दिनों के लिए बढ़ा दी। एनआईए ने दिल्ली विस्फोट मामले की जाँच और इसमें उनकी भूमिका का पता लगाने के लिए आरोपियों की और रिमांड मांगी थी। सूत्रों के अनुसार, कुछ कानूनी आवश्यकताओं के संबंध में तीन अन्य आरोपियों को भी अदालत में पेश किया गया।एनआईए ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि उसने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में शामिल चार और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिससे इस मामले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या छह हो गई है। एजेंसी ने बताया था कि चारों आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट के जिला सत्र न्यायाधीश के पेशी आदेश पर एनआईए ने श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर से हिरासत में लिया था।एनआईए ने यह भी कहा कि उसने पहले दो अन्य आरोपियों – आमिर राशिद अली, जिसके नाम पर विस्फोट में इस्तेमाल की गई कार पंजीकृत थी, और जसीर बिलाल वानी उर्फ घ्दानिश, जिसने घातक हमले में शामिल आतंकवादी को तकनीकी सहायता प्रदान की थी, को गिरफ्तार किया था। मामले में पूरी आतंकी साजिश का पर्दाफाश करने के एनआईए के प्रयासों के तहत उनसे पूछताछ जारी है।

## झगड़ा करना हमारे स्वभाव में नहीं, नागपुर में बोले मोहन भागवत- मानव को और अच्छा बनाने के लिए हो एआई का इस्तेमाल

***भागवत ने स्पष्ट किया कि आरएसएस का शराष्ट्रवादश आक्रामक पश्चिमी शराष्ट्रवादश से अलग है, जो विश्व युद्धों को हवा देने वाले अहंकार से उपजा हैय भारत का शराष्ट्रश अहंकार के विघटन से उभरा है, जो बिना संघर्ष के एकता को बढ़ावा देता है। षहम भारत माता के पुत्र होने के नाते भाई हैं - धर्म, भाषा या रीति-रिवाजों से परे,ष संघर्ष के बजाय समन्वय को बढ़ावा देते हैं।***



नई दिल्ली 29 नवम्बर एजेंसी)राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख (सरसंघचालक) मोहन भागवत ने शनिवार (29 नवंबर) को नागपुर पुस्तक मेले में लेखकों और उपस्थित लोगों को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने प्रौद्योगिकी पर मानव नियंत्रण, भारतीय लोकाचार में निहित प्रामाणिक राष्ट्रवाद और वैश्विक परिवर्तन के बीच सांस्कृतिक संरक्षण पर जोर दिया। मोहन भागवत ने एआई के उदय के साथ खुद को शमशीनश बनने से आगाह किया और जोर देकर कहा कि तकनीक को रोका नहीं जा सकता, बल्कि मानवता की बेहतरी के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम इसके मालिक बने रहें इसकी सीमाएँ तय करें – मोबाइल को एक उपकरण की तरह इस्तेमाल करें उन्हें हमें इस्तेमाल न करने दें।ष उन्होंने उस लत का हवाला दिया जिसमें लोग घंटों बिना उपकरणों के रहते हैं। सच्चा एआई भावनाओं को चुनौती देता है, शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा को शामिल करते हुए संतुलित जीवन के लिए तैयारी की माँग करता है।ज्ञान को अपरिष्कृत आँकड़ों और गहन समझ या शबोधश, दोनों के रूप में परिभाषित करते हुए, मोहन भागवत ने भारतीय भाषाओं से सटीक भावनात्मक अभिव्यक्ति का आग्रह किया, जो अंग्रेजी या विदेशी भाषाओं में नहीं है। वैश्वीकरण, अगर अनुवाद न किया जाए, तो भावनाओं को कमजोर कर देता है, जिससे सांस्कृतिक क्षति का खघ्तरा पैदा होता है क्योंकि लेखकों को मूल भावों को संरक्षित रखना होता है।घ भागवत ने स्पष्ट किया कि आरएसएस का शराष्ट्रवादश आक्रामक पश्चिमी शराष्ट्रवादश से अलग है, जो विश्व युद्धों को हवा देने वाले अहंकार से उपजा हैय भारत का शराष्ट्रश अहंकार के विघटन से उभरा है, जो बिना संघर्ष के एकता को बढ़ावा देता है। षहम भारत माता के पुत्र होने के नाते भाई हैं – धर्म, भाषा या रीति–रिवाजों से परे,ष संघर्ष के बजाय समन्वय को बढ़ावा देते हैं। यूक्रेन–रूस युद्ध, हमास–इजराइल तनाव और अमेरिका–चीन शीत युद्ध के बीच वर्तमान श्वैश्वीकरणश एक मिथक हैय इसके प्रवर्तकों ने 2005 में स्वीकार किया था कि यह सभी को एक ही ढाँचे में ढालने में विफल रहा। सच्चा वैश्वीकरण पारस्परिक कल्याण के लिए सांस्कृतिक परंपराओं के साथ जुड़ता है, और स्वदेशी की तैयारी पर जोर देता है। भागवत ने सुलभता और सामर्थ्य के लिए चल रहे शिक्षा अद्यतनों की प्रशंसा की, लेकिन निरंतर मूल्यांकन का आह्वान किया।

## जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के चीफ मौलाना मदनी की सुप्रीम कोर्ट सरकार को सीधी धमकी

***मदनी ने आरोप लगाया कि बाबरी मस्जिद और तीन तलाक के मामलों सहित हाल के अदालती फैसलों से पता चलता है कि न्यायपालिका षसरकारी दबाव मेंष काम कर रही है। उन्होने दावा किया कि हाल के वर्षो में षऐसे कई फैसलेष सामने आए हैं जिन्होने संविधान में अल्पसंख्यकों को दिए गए अधिकारों का खुलेआम उल्लंघन किया है।***



नई दिल्ली 29 नवम्बर एजेंसी)जमीयत उलेमा–ए–हिंद के अध्यक्ष महमूद मदनी ने न्यायपालिका और सरकार पर अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर अत्याचार होगा, तो जिहाद होगाष कहकर विवाद खड़ा कर दिया। उनकी इस टिप्पणी पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और उन पर मुसलमानों को भड़काने और संवैधानिक संस्थाओं को चुनौती देने का आरोप लगाया है। मदनी ने आरोप लगाया कि बाबरी मस्जिद और तीन तलाक के मामलों सहित हाल के अदालती फैसलों से पता चलता है कि न्यायपालिका षसरकारी दबाव मेंष काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि हाल के वर्षों में षऐसे कई फैसलेष सामने आए हैं जिन्होंने संविधान में अल्पसंख्यकों को दिए गए अधिकारों का खुलेआम उल्लंघन किया है।उपासना स्थल अधिनियम, 1991 के बावजूद चल रहे मुकदमों का हवाला देते हुए, मदनी ने कहा कि इस तरह के घटनाक्रम संवैधानिक विचलन को उजागर करते हैं। उन्होंने कहा, षसुप्रीम कोर्ट तभी तक शसर्वोच्चश कहलाने का हकदार है जब तक वहाँ संविधान की रक्षा होती है। उन्होंने आगे कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है, तो यह गैर–अवशेष अवस्था में भी सर्वोच्च कहलाने का हकदार नहीं है। मदनी ने भारत में मुसलमानों के प्रति जनभावना का भी आकलन किया और बताया कि 10 प्रतिशत लोग उनके समर्थक हैं 30 प्रतिशत उनके खघ्लिाफ हैं जबकि 60 प्रतिशत लोग चुप हैं। उन्होंने मुसलमानों से इस खामोश बहुसंख्यक समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने का आग्रह किया।उन्हें अपने मुद्दे समझाएँ। अगर ये 60 प्रतिशत लोग मुसलमानों के खघ्लिाफ हो गए, तो देश में बहुत बड़ा खघ्तरा पैदा हो जाएगा। सार्वजनिक चर्चा में जिहाद को जिस तरह से पेश किया जाता है, उन्होंने लव जिहाद, थूक जिहाद और भूमि जिहाद जैसे लेबलों के इस्तेमाल की आलोचना करते हुए कहा कि ये सही अर्थ को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं।

## कफ सिरप मुद्दे पर धनंजय सिंह ने की सीबीआई जांच की मांग, कहा- विरोधियों ने मेरे बारे में फैलाया भ्रम

जौनपुर29 नवम्बर एजेंसी) उत्तर प्रदेश में जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा है कि कफ सिरप मुद्दे पर उनके कुछ राजनीतिक विरोधियों ने भ्रम फैलाने का निंदनीय कृत्य किया है। पूर्व सांसद ने अपने फेसबुक एकाउंट पर लिखा मुझे पता है कि कफ सिरफ के मुद्दे पर मेरे कुछ राजनीतिक विरोधियों ने पत्रकार बंधुओं को गुमराह कर के मेरे बारे में भ्रामक्ता फैलाने का कृत्य किया है।

# ब्राइट होम पब्लिक स्कूल में आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन



न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। ब्राइट होम पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य अहमद खान ने आयोजित वार्षिक तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन धूमधाम तरीके से किया। आयोजित खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन पुरुस्कार वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि किसान सेवक इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ प्रवीन कुमार मिश्रा रहे।

आयोजित कार्यक्रम मे छात्रों ने खेल प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता में खो खो, वालीबाल, दौड़, जुडो, बैडमिंन आदि खेल का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में बाईट होम पब्लिक स्कूल तीतरों व ब्राईट होम पब्लिक स्कूल नानौता के छात्रों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य अहमद खान द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को अतिथियों द्वारा परुस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अहमद खान ने कहा कि जीवन को स्वस्थ रखने के लिए खेल का होना अति आवश्यक है। आज का युवा खास कर कम उम्र के बच्चे घरो में रह कर मोबाइल पर जीवन बर्बाद कर रहे है। उनकी फिटनेस को देखे और जो छात्र स्कूल में या स्कूल के बाहर खेल प्रतियोगिता में लगातार भाग लेते है उनकी फिटनेस को देखे। इसलिए बच्चों की प्रोग्रेस के लिए खेल का होना भी जरूरी है। हमारे विद्यालय में अध्यापक लगातार पढाई के साथ साथ खेल के लिए ट्रेनिंग देने का काम करते है।

# बिल्लोचपुरा इलाके में विद्युत विभाग ने की छापेमारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। अधिशाषी अभियंता रेड सुशील कुमार के निर्देश पर नादान महल विद्युत उपकेंद्र के हाई लॉस फीडर बिल्लोचपुरा इलाके में विभाग ने छापेमारी की। यह कार्रवाई बिजली चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने के उद्देश्य से की गई थी। रेड के दौरान विजलेंस टीम के साथ एसडीओ संजय निमेश, जेई मुकुल कुमार यादव, जेई दुर्गेश चंद्र और निहाल सहित संविदा कर्मचारी मौजूद रहे। टीम ने कई परिसरों की जाँच की और कई लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा बिजली विभाग की इस कार्रवाई से बिजली चोरी पर लगाम लगाने में मदद मिल सकती है। इससे पहले भी लखनऊ में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा चुका है, जिसमें 15 एफआईआर दर्ज की गई थीं और 81 कनेक्शन की जांच की गई थी इसके अलावा, बिजली चोरी को रोकने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल भी किया जा रहा है बिल्लौचपुरा और खदरा में भी बिजली चोरों के घर छापे मारे गए थे। जिसमें 20 जगहों पर बिजली चोरी मिली थी।

# डीएवी इंटर कालेज में नि:शुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। डीएवी इंटर कॉलेज में शनिवार को निःशुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पेंसिल, रबर, कटर, डिब्बी, कॉपी, चॉकलेट सहित आवश्यक अध्ययन सामग्री विद्यार्थियों को वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन मुहैया कराना तथा उनके मनोबल को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. उपेंद्रनाथ शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ उपेंद्रनाथ शर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि अध्ययन सामग्री उपलब्ध होना विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाता है और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अश्वनी कुमार सलोनिया, देवेंद्र शर्मा, सतीश चंद्र, संतोष कुमार, चित्रा रानी, लीना सिंह, डॉ. हिमांशु शर्मा, दीपचंद्र अग्रवाल, राजेश शर्मा, पंकज दीक्षित, पंकज वर्मा, पंकज कुमार, अवनीश कुमार, सुनील कुमार, धीरेंद्र कुमार, वंदना यादव, देश दीप, राजपाल गौतम, मुकेश चंद्र, राजेंद्र कुमार, मनोज कुमार शर्मा सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से छात्रों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया।

# एनसीसी के 78 वें स्थापना दिवस पर निकली साइकिल रैली




न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। एनसीसी के 78 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिक्स यूपी बटालियन एनसीसी फिरोजाबाद के कमांडेंट कर्नल .ष्ण केशव सिंह के निर्देशन में सीएल जैन कालेज में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसे वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्राचार्य इंचार्ज प्रोफेसर जीसी यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो कॉलेज प्रांगण से प्रारंभ होकर नगला भाऊ, मीरा चौराहा होते हुए विद्यालय पर पहुंच कर समाप्त हुई। इसी श्रृंखला में पोस्टर व निबंध एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें, कैडेटो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में तनु व प्रीति ने प्रथम और रिया व अमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रियांशी एवं तमन्ना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रोफेसर जीसी यादव ने सभी कैडेट्स को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से एनसीसी अधिकारी डॉ अरुण कुमार यादव, डॉ सर्वेश चंद यादव, डॉ रश्मि जिंदल, डॉ हेमलता यादव, दीपक कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

# लेखपाल सुधीर की संदिग्ध मौत पर सिधौली में बवाल



न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली, सीतापुर। फतेहपुर के 2024 बैच के लेखपाल सुधीर कुमार की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर सिधौली में लेखपाल संघ की उपशाखा ने शुक्रवार को तहसील परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। लेखपालों ने इस दुखद घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक छह सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें अपनी गंभीर चिंताएं और मांगें रखीं। उत्पीड़न और लापरवाही का आरोप लेखपाल संघ ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि ईआरओ संजय कुमार सक्सेना सहित अन्य अधिकारियों के लगातार दबाव, जरूरी छुट्टी न मिलने और निलंबन की धमकियों के कारण ही युवा लेखपाल सुधीर कुमार ने आत्मघाती कदम उठाया। संघ का स्पष्ट मत है कि सुधीर कुमार की मौत के लिए ये अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। संघ ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सुधीर कुमार की मौत के बाद एफआईआर दर्ज करने में जानबूझकर 30 घंटे की देरी की गई। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस रिपोर्ट में मुख्य आरोपी अधिकारी का नाम तक शामिल नहीं किया गया है, जिससे पूरे मामले की निष्पक्ष जांच पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है। संघ की छह प्रमुख मांगें लेखपाल संघ की प्रमुख मांगों में निम्नलिखित शामिल हैं आरोपी अधिकारी पर तत्काल केस दर्ज करना। मृतक लेखपाल के परिवार को पर्याप्त आर्थिक सहायता प्रदान करना। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देना। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी छह सूत्रीय मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया और उन्हें न्याय नहीं मिला, तो उनका विरोध आंदोलन जारी रहेगा और इसकी तीव्रता बढ़ सकती है। इस धरने में .पारिंधु अवस्थी सहित कई लेखपालों ने एकजुटता दिखाते हुए विरोध दर्ज कराया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश की मौत



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। कोतवाली सिधौली क्षेत्र में राजकीय परिवहन निगम बस स्टैंड के सामने एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हृदय विदारक घटना देख स्थानीय लोगों में संवेदना और आक्रोश की लहर दौड़ गई। भाजपा नेता अतुल तिवारी और टीम की त्वरित कार्रवाई जैसे ही इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की सूचना भाजपा नेता अतुल तिवारी को मिली, वह अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत ही जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को इस पूरे मामले की जानकारी दी और मृत गोवंश के सम्मानजनक निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। गौमाता को सम्मानपूर्वक विदाई अतुल तिवारी की पहल पर, नगर पंचायत सिधौली की टीम, जिसमें वाहन चालक आकाश, सफाई नायक अमन कुमार, कर्मचारी मनोज व महेंद्र शामिल थे, तुरंत मौके पर पहुंची। सिधौली के युवाओं ने भी इस नेक कार्य में पूरा सहयोग दिया। इसके बाद, गौ–सेवा और गौ–रक्षा से जुड़े स्थानीय कार्यकर्ताओं ने मृत गोवंश को सम्मानपूर्वक वहां से हटवाया और धर्मसम्मत विधि से उसका अंतिम संस्कार करवाया। अंतिम संस्कार की इस संवेदनशील प्रक्रिया में मनोज गौ सेवा वाला, आयुष गौ रक्षक, विशाल यादव, और हिमांशु हिंदू गौ रक्षक ने विशेष रूप से सहयोग किया। सभी उपस्थित लोगों ने गौ माता के प्रति अपनी गहरी संवेदना और सम्मान प्रकट किया। मानवीय मूल्यों की सराहना स्थानीय लोगों ने भाजपा नेता अतुल तिवारी और उनकी पूरी टीम के इस संवेदनशील और तत्परतापूर्ण कार्य की खुले दिल से सराहना की। उनका कहना था कि इस तरह की त्वरित और सम्मानजनक कार्रवाई समाज में मानवीय मूल्यों और धार्मिक आस्था को मजबूती प्रदान करती है।

# चोरी की सात बाइक, कलपुर्जो समेत तीन अभियुक्तगिरफ्तार



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा हनुमान मंदिर निकट झिंगहा घाट पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु वाहन की चेकिंग की जा रही थी कि मुखबिर खास ने सूचना दी कि 02 व्यक्ति 02 मोटरसाइकिल से तिकोनी बाग की तरफ से झिंगहा घाट की तरफ आ रहे हैं कि पुलिस टीम द्वारा की जा रही सघन चेकिंग के दौरान दोनोंव्यक्तियोंसे नाम–पता पूछते हुए वाहन के कागजात मांगे गये तो दोनों ने अपना नाम सरवन कुमार मौर्या पुत्र साधू शरण मौर्या निवासी चन्दनापुर सिकड़िया, कोतवाली देहात, जीवनलाल यादव पुत्र सहजराम यादव निवासी माधोपुर बैकुण्ठा थाना हरदी बताया व दोनों मोटरसाइकिल से सम्बन्धित कोई भी कागजात नहीं दिखा सके, जिसपर कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों द्वारा बताया गया कि यह दोनों मोटरसाइकिल चोरी की हैं जिन्हें भिन्न–भिन्न स्थानों से चुराया है और चोरी की गयी मोटरसाइकिलों को अपने एक अन्य साथी ननकऊ पुत्र होली जायसवाल निवासी कल्याणपुरवा बैकुण्ठा, थाना हरदी की कबाड़ की दुकान पर छिपाने जा रहे थे। जिस पर पुलिस द्वारा दोनों से और अधिक गम्भीरता व कड़ाई से पूछताछ की गयी तो दोनों चोरों द्वारा भिन्न–भिन्न स्थानों से चोरी की गयी मोटरसाइकिलों को चोरी करने की बात स्वीकार की गयी जिन्हें ननकऊ की भगवानपुर चौराहे स्थित कबाड़ की दुकान में छिपाकर रखने की बात बतायी गयी। इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा दोनों अभियुक्तों के बताए स्थान पर पहुँचकर अभियुक्तों की निशानदेही पर मौके पर कबाड़ की दुकान में छिपाकर रखी गयी 05 अन्य चोरी की मोटरसाइकिलों को सकुशल बरामद किया गया। दुकान की सघन तलाशी लेने पर 08 अन्य मोटरसाइकिल की चेचिस मय चेसिस नम्बर व उनके भिन्न–भिन्न कलपुर्जे बरामद किये गये।

# वृद्ध महिला की हत्या का खुलासा, विधि विरुद्ध बालक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वृद्ध महिला की हत्या करने वाले एक विधि विरुद्ध बालक को पुलिस ने गिरतार कर लिया। उसके कब्जे से एक ईट (आलाकत्ल) बरामद की है।

बताते चलें कि 20 नवंबर को देवेन्द्र कुमार पुत्र सूरतराम निवासी ग्राम मोहकम नगर खेड़ा थाना जसवंतनगर द्वारा थाना जसवंतनगर पर तहरीरी सूचना दी कि 19 नवंबर को उसकी माता राममूर्ती देवी की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर पर गम्भीर चोट मार कर हत्या कर दी गयी। सूचना के आधार पर थाना जसवंतनगर पर मु0अ0सं0 415/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजी.त किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में 28/29 नवंबर की रात्रि को थाना जसवंतनगर पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान एक विधि विरुद्ध बालक को ग्राम सिंघावली के पास से गिरतार किया गया। पकड़े गये विधि विरुद्ध बालक से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि करीब 25 दिवस पूर्व ग्राम मोहकमनगर खेडा में वह राममूर्ती की दुकान से गुटका लेने गया था तब उसने मुझ पर 40 रुपये चोरी करने का आरोप लगाकर पिताजी से शिकायत की थी तब पिताजी ने पाइप से मारा था और राममूर्ती पिताजी से 40 रुपये लेकर चली गई थी। उसी समय मैंने अपने मन में तय कर लिया था कि राममूर्ती जब भी मुझे अकेली मिलेगी तो मैं इसे जान से मार दूंगा। 19 नवंबर को समय दोपहर 01.30 बजे से 02 बजे की बात है। साईकिल से मोहकमनगर खेडा से अपने खेतो की तरफ जा रहा था तभी रास्ते में राममूर्ती मुझे मिल गयी और उसने मुझसे पूछा कि कडरी कहा मिलेगी तो मैंने मौका पाकर जानबूझकर हत्या करने के उद्देश्य से राममूर्ती को खेत की ओर ले गया और अपनी साईकिल को सड़क के किनारे सरसो के खेत में डाल दी थी। राममूर्ती खेत में झुककर कडरी तोड रही थी तभी मैंने पीछे से उनके दोनो पैर खींच लिए और पीठपर बैठकर दोनो हाथो से गला दबा दिया था उसके बाद मैंने पास में ही बने कुआं से ईंट उठाकर उनके सिर पर कई बार प्रहार किया जब पूरी तरीके से मर गयी तब मैं वहां से भागा और सरसो के खेत से अपनी साईकिल उठाई और अपने घर चला गया। विधि विरुद्ध बालक की निशादेही पर आलाकत्ल ईट बरामद की गयी। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में प्रथम टीम में थानाध्यक्ष जसवन्तनगर कमल भाटी, उ0नि0 शुभम वर्मा, उ0नि0 आशीष कुमार, का0 तरुण कुमार, का0 अवनीश कुमार, म0का0 मन्जू, का0 सनोज कुमार, का0 सुशील कुमार व द्वितीय टीम में प्रभारी एसओजी, प्रभारी सर्विलांस मय टीम शामिल रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में सहयोग करें राजनैतिक दल : डीएम



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार संचालित प्रक्रियात्मक कार्यवाही को 04 दिसम्बर तक पूर्ण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के साथ बैठक करते हुए अपेक्षा की कि बूथ लेबिल अधिकारियों के सहयोग हेतु बूथ लेबिल एजेन्ट को सक्रिय करें। डीएम ने राजनैतिक दलों से यह भी अपेक्षा की कि सभी बीएलए प्रत्येक बूथ पर कम से कम 50 प्रपत्र जमा करायें तथा प्रपत्र कलेक्शन में बीएलओ को सहयोग भी दें। बैठक के दौरान उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से स्वयं तथा परिवार के सदस्यों का प्रपत्र भरने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए अपील की कि आमजन को इस बात के लिए जागरूक करें कि 04 दिसम्बर से पूर्व सभी लोग अनिवार्य रूप से अपने प्रपत्र भर दें। डीएम ने कहा कि हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि एसआईआर अन्तर्गत नो मैपिंग व अनकलेक्टिव प्रपत्रों की संख्या कम से कम हो। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों के साथ अनकलेक्टिव डाटा को साझा किया जायेगा ताकि वे भी अपने स्तर से प्रयास कर लोगों के प्रपत्र भरवाने में सहयोग कर सकें। एस–4 फार्मेट में बूथों को खोजने में आ रही समस्या के समाधान हेतु डीएम ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिया कि विधानसभावार बूथों की मैपिंग का डाटा राजनैतिक दलों को उपलब्ध करा दिया जाय। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के निर्धारित समयसारिणी की जानकारी देते हुए बताया कि 04 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर–घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किया जायेगा एवं प्रपत्रों को भरवाकर प्राप्त किया जायेगा। आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन 09 दिसम्बर को होगा। दावे और आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 09 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी तक होगी। नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे और आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 09 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक होगी। अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 फरवरी को किया जाएगा। श्री कुमार ने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की है। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मटेरा लालधर यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण कुमार शुक्ल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव हमजा शरीफ, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव व उपाध्यक्ष जफरउल्लाह खां बन्टी, बहुजन समाज पार्टी के मण्डल प्रभारी अशर्फी लाल, अपना दल एस के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष फिरोज हैदर सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा अभियान में एसएसपी का प्रेरक संबोधन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा आज सन्त विवेकानन्द पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसएसपी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। विद्यालय के बच्चों ने सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर एसएसपी महोदय का स्वागत किया, जिसके बाद स्कूल परिसर उत्साह और ऊर्जा से भर गया। एसएसपी द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को समझाया कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना, गलत दिशा में वाहन न चलाना और ओवरस्पीडिंग से बचना ये सभी छोटी–छोटी सावधानियाँ जीवन बचाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल बड़ों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि देश के भविष्य युवा पीढ़ी की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। एसएसपी ने बच्चों को यातायात के अनुशासन और जिम्मेदारी को बचपन से आदत में शामिल करने की प्रेरणा दी, ताकि वे आने वाले कल में एक सुरक्षित समाज के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और छात्रों ने एसएसपी के इस प्रेरणादायक अभियान की भूरि–भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर आयुषी एवं यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह में हमरा कांस्टेबल दुर्गेश कुमार कांस्टेबल मनोज कुमार मौके पर उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा अभियान का प्रमुख संदेश यह है कि मिलकर बदलाव लाएँ, सुरक्षित समाज बनाएँ।

# एमडी जैन इंटर कालेज में आयोजित हुई संविधान क्विज



न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में विद्यालय के कक्षा 11 के नागरिक शास्त्र के विद्यार्थियों के मध्य संविधान क्विज का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों से क्विज में भारतीय संविधान के जनक, भारतीय संविधान को निर्माण करने वाली संविधान सभा की बैठक, संविधान सभा के स्थायी एवं अस्थायी अध्यक्ष, संवैधानिक सलाहकार, संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, मत देने की आयु, निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल, लोकसभा के निर्वाचन लड़ने की आयु, संविधान सभा, राज्यसभा के पदेन सदस्य, नीति निदेशक तत्व आदि विभिन्न प्रश्नों के माध्यम से क्विज का संचालन किया। जिसमें कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह से प्रतिभाग किया। क्विज में विजयी प्रतिभागी क्रमशः निशा, दीक्षा, अमन, अमित, विशाल, रोशनी, तान्या, बबीता, इरम, शैली, स्वाली एवं खुशबू को अश्वनी कुमार जैन द्वारा सम्मानित भी किया गया। क्विज में बबिता, तबस्सुम, प्राची, छवि, काजल, प्रिया, रीनो, रुचि, साक्षी, तान्या पाटकर, सुन्दरी, शिवानी, खुशी, अपूर्वा, निशा, पूजा, शाहीन, वैष्णवी, सोनी, आरती, प्रतीक्षा, निधि, साधना, सनाया, अंशुल, देवराज, ब्रजमोहन, गुलशन, आशीष, कार्तिकेय शर्मा, इरम मंसूरी, साधना आदि विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# अनियंत्रित ट्रक ने पलटी डीसीएम, बाल-बाल बचे लोग



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिले के सिधौली क्षेत्र में सिधौली–महमूदाबाद रोड पर शुक्रवार देर रात एक भयंकर सड़क हादसा होते–होते टल गया। कल रात करीब 11 बजे, एक तेज रतार ट्रक ने महिंद्रा डीसीएम को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वह सड़क पर पलट गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ और मौके पर मौजूद सभी लोगों की जान बच गई। मिली जानकारी के अनुसार, वाहन संख्या यूपी 78 बीएन 9506 वाली महिंद्रा डीसीएम महमूदाबाद रोड की तरफ जा रही थी। तभी हाईवे रोड की तरफ से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक (वाहन संख्या यूपी 32 यूएन 0027) ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि डीसीएम सड़क पर बीचों–बीच पलट गई। पुलिस ने संभाला मोर्चा हादसे के वक्त मौके पर कई लोग मौजूद थे, जो समय रहते सुरक्षित बच निकलने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही, तुरंत 112 और सिधौली थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और यातायात को नियंत्रित कर स्थिति को संभाला। इस दुर्घटना में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई है, लेकिन टक्कर मारने वाला ट्रक चालक मौके का फायदा उठाकर तुरंत घटना स्थल से फरार हो गया। सिधौली पुलिस ने अब इस पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रक तथा उसके चालक की तलाश जारी है।

# होमगार्ड ने राजस्व अमीन पर लगाया दुर्व्यवहार व अपमान का आरोप




न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। मिश्रिख तहसील में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक होमगार्ड ने राजस्व अमीन पर सरेआम दुर्व्यवहार करने और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। होमगार्ड अवधेश कुमार ने इस गंभीर शिकायत को लेकर जिलाधिकारी को एक लिखित पत्र सौंपा है और अमीन के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार यह घटना 27 नवंबर को हुई थी। होम गार्ड अवधेश कुमार ने आरोप लगाया है कि वह एक बुजुर्ग फरियादी को उप जिलाधिकारी से मिलाने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान राजस्व अमीन राजकुमार ने उनके साथ बदसलूकी की। अवधेश कुमार ने अपनी शिकायत में विस्तार से बताया है कि अमीन ने न केवल उनके साथ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया, बल्कि उन्हें अपमानित भी किया। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि अमीन के इस गैर–पेशेवर आचरण पर संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। एसडीएम ने बताया कि छोटी–मोटी कहासुनी जब इस मामले पर उप जिलाधिकारी शैलेंद्र मिश्रा से बात की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि मामला उनके संज्ञान में आया था। एसडीएम मिश्रा ने बताया कि यह दोनों पक्षों के बीच हुई एक छोटी–मोटी कहासुनी का मामला था। हमने दोनों को बुलाकर समझा दिया था और मामला शांत करा दिया गया है। हालांकि, होम गार्ड की तरफ से जिलाधिकारी को सौंपे गए लिखित शिकायत पत्र के बाद यह देखना होगा कि इस मामले में कोई औपचारिक जांच या आगे की कार्रवाई की जाती है या नहीं।

# शहर में एसएसपी की पैदल पेट्रोलिंग

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपदीय कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत आबादी वाले क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त करते हुये शराब ठेके, संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिग एवं आम जनमानस से संवाद कर उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय एवं पुलिस के अन्य अधि0, कर्म0 गण उपस्थित रहे।

# बार काउंसिल आफ यूपी के चुनाव में अनुज को मिल रहा अपार समर्थन

**- डीबीए के पूर्व जिला उपाध्यक्ष को अधिवक्ताओं में गहरी पैठ का मिल सकता है लाभ**
**- युवा अधिवक्ता की राह आसान हुई तो जनपद को मिलेगा प्रतिनिधित्व**



न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश 2026 के चुनाव की सरगर्मियां तेज़ हो गयी हैं। सदस्य पद के लिए जनपद के जाने माने युवा अधिवक्ता अनुज दीक्षित मैदान में है। बेहद तेज़ तर्रार होने की वजह से युवा अधिवक्ता के रूप में बेहद कम समय मे अपनी पहचान बनाने वाले अधिवक्ता अनुज दीक्षित पूर्व में जिला बार एसोसिएशन में जिला उपाध्यक्ष का पद भी संभाल चुके है। बार कॉउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के तौर पर जनपद से अनुज दीक्षित के नाम पर जनपद के तीनों तहसीलों सदर, खागा व बिंदकी में अधिवक्ताओं विशेष कर युवाओं के बीच मे ख्याति बढ़ने के साथ ही इनके पक्ष में लामबंदी तेजी पकड़ रही है। युवा अधिवक्ता के पक्ष में प्रदेश के अन्य जनपदों के साथ ही फ़तेहपुर में कलेक्ट्रेट, दीवानी, पुरानी तहसील व नई तहसील समेत खागा व बिंदकी के अधिवक्ताओ के मध्य सम्पर्क किया जाना ज़ोर पकड़ रहा है। बेहद सौम्य व शालीन स्वभाव के चलते अधिवक्ताओं के मध्य लोकप्रियता हासिल कर चुके है। जिसके चलते उनके बार कॉउंसिल आफ यूपी के चुनाव में उतरते ही साथी अधिवक्ताओं के मध्य तेज़ी से जुड़ाव बढ़ने लगा। वहीं जनसमर्क के दौरान अधिवक्ताओं से मिलकर उनका हाल चाल जानना व चुनाव जीतने के बाद हर संभव मदद का आष्वासन भी दे रहे है। प्रदेश के अन्य जनपदों के ताकवर दावेदार चुनाव मैदान में है। जनपद में इस मर्तबा बार काउंसिल के चुनाव में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सड़क पर अनुज दीक्षित के चुनाव प्रचार के लिये पोस्टर लगी लक्ज़री गाड़िया सभी मार्गो में दौड़ती हुई दिखाई देने रही है। प्रदेश स्तरीय चुनाव में धुरंधर अधिवक्ताओं के बीच प्रत्याशी बनकर अनुज दीक्षित ने अपनी योग्यता व काबलियत का जबरदस्त लोहा मनवा दिया। बार काउंसिल ऑफ यूपी का बहुचरणीय चुनाव की प्रक्रिया 14 नवंबर से शुरू होकर 28 फरवरी 2026 को समाप्त होगी। कई फेज़ों में होने वाले चुनाव में अधिवक्ता वरीयता के आधार पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते है। अधिवक्ताओं से जनसंपर्क के दौरान अनुज दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि यदि वह सदस्य के रूप में चुने जाते है तो प्रदेश के साथ साथ जनपदवासियों व जिले के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधत्व करने का काम करेंगे। प्रदेश के अधिवक्ताओं के मान सम्मान से लिये सदैव कार्य करते रहेंगे।

# पत्नी ने प्रेमी, बहनोई व भाई के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

**- ग्राम मोहम्मदपुर में मिले किसान के शव का पुलिस ने किया खुलासा**
**- चार हत्यारोपी गिरतार, निशादेही पर दराती बरामद**



न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर में दस दिन पूर्व खेत में मिले किसान के शव का पुलिस ने खुलासा करते हुए इस हत्याकाण्ड में शामिल उसकी पत्नी समेत चार लोगों को गिरतार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों की निशादेही पर दराती भी बरामद कर ली है। प्रेम प्रसंग के चलते पत्नी ने प्रेमी, बहनोई व भाई के साथ मिलकर पति की हत्या की थी।
बताते चलें कि 19 नवंबर को ग्राम मोहम्मदपुर थाना गाजीपुर में गांव से करीब तीन सौ मीटर पूर्व रामकिशोर के खेत स्थित कटहल के पेड़ के नीचे मृतक बाबूलाल पुत्र स्व0 सुंदरलाल रैदास निवासी ग्राम संवत हाल पता ग्राम मोहम्मदपुर का शव मिला था। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। एसपी ने पुलिस को घटना के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए थे। गाजीपुर थाना पुलिस की विवेचना में प्रकाश में आए अभियुक्त संग्राम सिंह पुत्र स्व0 रामगुलाम, मान सिंह पुत्र भोले, सुनीता पत्नी स्व0 बाबूलाल निवासीगण ग्राम मोहम्मदपुर व नीरज पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम सरकंडी थाना असोथर को गिरतार करते हुए उनकी निशादेही पर दराती बरामद कर ली। गाजीपुर थाना प्रभारी हनुमान प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक बाबूलाल की पत्नी का प्रेम प्रसंग संग्राम सिंह से लगभग 15 वर्षों से चल रहा था। मृतक बाबूलाल संग्राम के खेत देखता था। बाबूलाल इसका विरोध करता था और पत्नी को मारता–पीटता था। मृतक बाबूलाल घटनास्थल पर साढ़ू मान सिंह, पत्नी सुनीता व साले नीरज के साथ मौजूद था। उसके पश्चात संग्राम सिंह भी आ गया। सभी ने मृतक को अत्यधिक शराब पिलाई और उसके ही गमछे से फंदा डालकर हत्या कर दी। आत्महत्या का रूप देने के लिए गमछे को दराती से काटकर दो भाग करके कटहल के पेड़ में डालकर लटका दिया और चले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक ने अपने साढ़ू की पुत्री को गोद भी लिया था। दोनों के बीच अनबन होने पर मृतक ने गोद ली पुत्री को अपनी सम्पत्ति में से कोई भी भाग न दिए जाने की बात लगातार की जा रही थी। सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। गिरतारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी के अलावा वरिश्ठ उपनिरीक्षक हरिनाथ सिंह, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, हेमन्त, कांस्टेबल ललित मिश्रा, कुंदन यादव, विक्रम सिंह व सीता सिसौदिया शामिल रहीं।

# ओवरलोड ट्रकों की उगाही के काले साम्राज्य पर लगा ब्रेक

**- एसटीएफ का करारा प्रहार, रिटायरमेंट से 48 घंटा पहले पीटीओ निलंबित**

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जिले में वर्षों से चल रहे ओवरलोड ट्रक–ट्रालियों की उगाही के काले साम्राज्य पर आखिरकार ब्रेक लग गया। रिटायरमेंट से 48 घंटे पहले परिवहन विभाग ने बड़ा झटका देते हुए पीटीओ अखिलेश चतुर्वेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई परिवहन आयुक्त किंजल सिंह के निर्देश पर हुई।बताते चलें कि ग्यारह नवंबर को एसटीएफ ने जिस बहुचर्चित सिंडिकेट का पर्दाफाश किया था, उसमें पीटीओ अखिलेश चतुर्वेदी का नाम भी शामिल था। एसटीएफ की जांच में सामने आया कि खनिज विभाग और परिवहन विभाग के कुछ अधिकारियों ने मिलीभगत कर एक सुनियोजित गिरोह बना रखा था, जो बालू, गिट्टी, क्रेसर से लदे ओवरलोड वाहनों को पास कराने के नाम पर हर ट्रिप पर मोटी रकम वसूल रहा था। मामले में नामजद मुख्य आरोपी जिला खनिज अधिकारी देशराज पटेल, एआरटीओ पुष्पांजलि मित्रा, पीटीओ अखिलेश चतुर्वेदी, लोकेटर बनाए गए थे। सूत्रों के अनुसार पीटीओ अखिलेश चतुर्वेदी लंबे समय से इस गिरोह के अहम हिस्सा थे। उनके निलंबन के साथ ही अब उनके रिटायरमेंट बेनिफिट, पेंशन और अन्य सुविधाएं भी खतरे में पड़ गई हैं। विभागीय नियमों के तहत निलंबन काल में रिटायरमेंट नहीं हो सकता और जांच पूरी होने तक सारे लाभ रोक दिए जाते हैं।परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने साफ कहा कि ओवरलोडिंग और भ्रष्टाचार में लिप्त किसी भी अधिकारी–कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश में परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा। एसटीएफ की इस कार्रवाई और उसके बाद परिवहन विभाग के त्वरित एक्शन से जिले के ट्रांसपोर्टरों और आम जनता में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि सालों से ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़कें तबाह हो रही थीं और उगाही के कारण माल ढुलाई महंगी पड़ रही थी। अब उम्मीद है कि सड़कें सुरक्षित होंगी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। फिलहाल एसटीएफ जांच को और गहरा कर रही है। जल्द ही सिंडिकेट के बाकी सदस्यों पर भी गाज गिरने की संभावना है।

# आधार निराधार होने से जनता का फूटा गुस्सा

**- शासन का नया आदेश, आधार जन्म का प्रमाण नहीं**

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। प्रदेश में एक ओर जहां आधार सत्यापन व दस्तावेज़ों की सख्ती को लेकर लोग पहले से ही परेशान हैं वहीं अब सरकार द्वारा आधार कार्ड को जन्म प्रमाण पत्र नहीं मानने का फैसला नई बहस और असंतोष को जन्म दे रहा है। सरकार के निर्देशन पर नियोजन विभाग ने इस संबंध में सभी विभागों को पत्र भेजकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आधार कार्ड को जन्म तिथि का वैध प्रमाण न माना जाए। हालांकि ये निर्णय महज उत्तर प्रदेश सरकार ने ही नहीं लिया है बल्कि कई अन्य राज्यों ने भी लिया है। इस बदलाव से बड़ी बहस छिड़ी हुई हैं। बताते चलें कि जब 2009 में आधार बनाने का कॉन्सेप्ट यूपीए सरकार ने शुरू किया तो उसका मकसद था कि जिस तरह विदेशों में कई सशक्त देशों के नागरिकों के पास यूनिक आईडी कार्ड होता है उसी तरह से भारतवासियों का अपना यूनिक आईडी कार्ड होगा जिसमें व्यक्ति की हर एक जानकारी उसकी बायोमैट्रिक्स के साथ जोड़ा जाएगा। तब से डिजिटल इंडिया के रूप में आधार कार्ड एक मजबूत साधन बनकर लोगों के लिए बनकर उभरा था लेकिन बीते कई सालों से आधार को निराधार बनाने के साथ ही निष्प्रयोज्य दस्तावेज के लिए लगातार घोषणाएं होती रही हैं। सबसे पहले आधार को नागरिकता का प्रमाण नहीं बताया गया उसके बाद एनआरसी की घोषणा के समय भी दिक्कत की गई थी और हाल ही में बिहार विधानसभा चुनाव के पहले वहां हुए एसआईआर में निर्वाचन आयोग ने निवास या जन्मतिथि का प्रमाण मानने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट के दखल से आधार कार्ड को वैकल्पिक रूप से शामिल किया गया था और अब आधार कार्ड में दर्ज उम्र को जन्म का प्रमाण पत्र मानने से इंकार किया गया है जिससे जनता में आक्रोश साफ नजर आ रहा है। इस निर्णय के बाद आम जनता, युवा, अभिभावक, अधिवक्ता, पत्रकार और स्थानीय नेताओं में नाराज़गी और बेचैनी बढ़ गई है। इस विषय पर बात करने में लोगों ने खुलकर अपनी पीड़ा, अविषास और गुस्से को सामने रखा। जनता से संवाद के दौरान बड़ी संख्या में लोग बोले कि आधार कार्ड को वर्षों से पहचान का सबसे बड़ा दस्तावेज बताया जाता रहा है। बैंक, स्कूल, राशन, पेंशन, गैस, इलाज, वोटर आईडी लिंकिंग सहित हर जगह इसकी ज़रूरत पड़ती है। इस पर एक युवक ने गुस्से में कहा कि स्कूल में एडमिशन के समय आधार देना पड़ता है, नौकरी में आधार देना पड़ता है और अब अचानक कहा जा रहा है कि आधार जन्म प्रमाण नहीं है। सरकार खुद ही नियम बदलने में लगी है। साथ ही एक महिला अभिभावक बोली कि हम बच्चों का आधार बनवाने के लिए लाइनों में खड़े रहे। अब स्कूल कह रहे हैं कि जन्म प्रमाण अलग से लाओ। जनता को ही गलत साबित किया जा रहा है। वहीं एक बुजुर्ग ने कहा कि आधार न मानना तो ठीक लेकिन सरकार बताए कि इतने सालों में जो डेटा जुटाया गया है, उसकी विषसनीयता क्या है? सरकार द्वारा आधार को जन्म प्रमाण पत्र न मानने की घोषणा ने जनता के अविषास को और गहरा कर दिया है। जनसंवाद में साफ दिखा कि नागरिकों को लगता है कि सरकार उन्हें लगातार दस्तावेज़ी प्रक्रियाओं और सत्यापन के चक्कर में उलझाकर असली मुद्दों से भटका रही है। लोगों ने सवाल उठाया कि अगर आधार ही मान्य नहीं, तो सरकार ने पिछले दस साल जनता को किस आधार पर चलाया?

# प्राथमिक विद्यालय बहादुर में मतदाताओं ने भरा फार्म



न्यूज वाणी ब्यूरो
खागा, फतेहपुर। नगर के नईबाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय बहादुर खागा में शनिवार को एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) के तहत वोटरों के फार्म भरे गए। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार चल रहे विशेष अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक विद्यालय पहुंचे और अपने नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा जानकारियों को अपडेट करने के लिए आवेदन किया।कार्यक्रम के दौरान बीएलओ राजू तिवारी सहित अन्य सहयोगी कर्मचारी मौजूद रहे। जिन्होंने मतदाताओं को फार्म भरने की प्रक्रिया समझाई। बीएलओ ने बताया कि जिन लोगों के नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं वे निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम जुड़वा सकते हैं। साथ ही जिन लोगों के नाम, पते या अन्य विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि है, वे संशोधन के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। श्री तिवारी ने बताया कि पात्र युवा, जो आगामी चुनाव की तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं या करने वाले हैं वे अनिवार्य रूप से अपना पंजीकरण कराएं ताकि वे अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची से जोड़ना और कोई भी पात्र नागरिक छूट न जाए, यह सुनिश्चित करना है। स्थानीय लोगों ने बीएलओ और प्रशासन की टीम द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में लगाए गए इस शिविर से उन्हें काफी सुविधा मिली है। अभियान के तहत अगले कुछ दिनों तक ऐसे शिविर जारी रहेंगे, जिसमें नागरिक अपने दस्तावेज़ों के साथ पहुंचकर फार्म भरवा सकेंगे। प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपना नाम अवश्य जुड़वाएं।

# सपा सुप्रीमों ने दिवंगत लेखपाल के परिजनों से की भेंट

**- दो लाख की सौंपी चेक, मांगा एक करोड़ का मुआवजा व सरकारी नौकरी**



न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बीते शुक्रवार की देर शाम दिवंगत लेखपाल के खजुहा कस्बा स्थित आवास पहुंचे। उन्होंने एसआईआर को आड़े हाथों लेते हुए निर्वाचन आयोग पर केन्द्र सरकार के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाया। अखिलेश यादव ने पार्टी की तरफ़ से दो लाख रुपये की चेक लेखपाल के परिजनों को सौंपी। इसके अतिरिक्त एक करोड़ रुपये मुआवज़ा देने एवं सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। उन्होंने इस मामले को लोकसभा में उठाने की भी बात कही। उन्होंने लेखपाल के परिजनों से कहा कि समाजवादी पार्टी उनके साथ है। सपा सुप्रीमो के खजुहा पहुंचने की जानकारी जब सपाईयों को मिली तो बड़ी संख्या में कार्यकर्ता खजुहा जाने वाले मार्ग पर एकत्र हो गए। जैसे ही सपा सुप्रीमो का काफिला खजुहा मार्ग पर पहुंचा सपाईयों ने उनका गर्मजोषी से स्वागत किया। सपा सुप्रीमो ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का काम करें। भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता के बीच पहुंचाने का काम करें। इस दौरान सांसद नरेश उत्तम पटेल, राष्ट्रीय प्रवक्ता जगदीश उर्फ़ जालिम सिंह, ज़िलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव, जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, वरिष्ठ नेता महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामेश्वर दयाल उर्फ़ दयालू गुप्ता, विपिन सिंह यादव, जहानाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष सै. आबिद हसन, बीना पटेल, हेमलता पटेल आदि तमाम सपाई मौजूद रहे।

# यौन शोषण करने के आरोपी की जमानत मंजूर

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी ने अपने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। अधिवक्ता की ओर से दिए गए तर्कों को आधार मानकरविद्वान न्यायाधीश ने आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र को मंजूर कर लिया। आरोपी अतुल कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम भैरमपुर थाना कोतवाली के अधिवक्ता धीरेन्द्र वीर सिंह व संजय सिंह सेंगर ने न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीष/एफ0टी0सी0 (सी0ए0डब्लू0) न्यायालय संख्या 01 में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। अधिवक्ता ने बताया कि पीड़िता के बयान अंतर्गत धारा 180 बीएनएस व धारा 183 बीएनएसए में भिन्नता है। इसलिए मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों पर गुण दोष पर राय व्यक्त किए बिना अभियुक्त को जमानत पर छोड़ जाने का समुचित आधार प्रतीत होता है। अधिवक्ता के तथ्यों को आधार मानकर न्यायाधीश अशोक कुमार ने आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र सर्शत मंजूर करते हुए जमानत दे दी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम आंबापुर के समीप एनएच–2 में बीमार पिता को खाना देने आ रहे बाइक सवार दो लोगों को तेज रतार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के गौरी गांव निवासी रामऔतार का 24 वर्षीय पुत्र विमलेश कुमार गांव के ही रामपाल के 30 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार के साथ बाइक रात ढाई बजे शहर के जीटी रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती बीमार पिता को खाना देने आ रहे थे। जैसे ही ये लोग आंबापुर के समीप एनएच–2 में पहुंचे तभी तेज रतार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक विमलेश की 24 नवंबर को सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के दंदवा गांव निवासी जयपाल की पुत्री सुधा देवी से शादी हुई थी। शादी के चार दिन बाद ही सुधा की मांग का सिंदूर उजड़ गया। जैसे ही उसे पति की मौत की खबर मिली तो वह बेसुध हो गई। परिवारीजनों के साथ–साथ आस–पास के लोग उसे ढाढंस बंधाते रहे।

# डीएम ने तहसील सदर व भिटौरा में देखा एसआईआर कार्य

**- संबंधितों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत भरे जा रहे गणना प्रपत्र और फीडिंग कार्य का तहसील सदर व विकास खंड भिटौरा में पहुंचकर जानकारी ली और अभी तक हुए विशेष प्रगाण पुनरीक्षण अभियान के तहत किए गए कार्य की अद्यतन स्थिति को जाना और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार प्रपत्रों को भरा जाये और कलेक्ट कर इनकी फीडिंग भी की जाये। उन्होंने पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए गणना प्रपत्रों कलेक्शन व फीडिंग में तेजी लाए ताकि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्य समय से पूरा किया जा सके। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी भिटौरा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में घायल दो महिलाओं की उपचार दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। औंग कस्बा के समीप एनएच–2 में एक पखवारा पूर्व सड़क हादसे में घायल 42 वर्षीय महिला की कानपुर में इलाज के दौरान शनिवार की सुबह मौत हो गई। वहीं गाजीपुर थाने के पखरौली के समीप खेत से घर वापस जा रही 50 वर्षीय महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिसकी एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि औंग कस्बा निवासी विनोद पटेल की पत्नी सुमन पटेल विगत तेरह नवंबर को सामान लेने जा रही थी। जैसे ही वह एनएच–2 में पहुंची तभी तेज रतार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए कानपुर में भर्ती कराया गया। जहां शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इसी तरह पखरौली गांव निवासी स्व0 जगरूप की पत्नी रानी 22 नवंबर को खेत से घर वापस आ रही थी। जब वह महमदपुर के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# बूथ से मंडल स्तर तक के पदाधिकारी दें योगदान : अन्नू




न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने सदर विधानसभा के हसवा व भिटौरा मंडल में शनिवार को मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की मंडल समीक्षा की। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने हंसवा के कुसुम्भी मंडल पदाधिकारियों से बिन्दुवार चर्चा करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एसआईआर कार्यक्रम में लगना है और इसे सोशल मीडिया में बीजेपी यूपी व भाजपा उत्तर प्रदेश को जोड़कर इसे पोस्ट करना है। जिससे सभी कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन भी किया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्य पूर्ण मनोयोग से करते हैं अब काम के साथ काम कैसे दिखाई दे यह भी चिंता कार्यकर्ताओं को करनी है। भिटौरा मंडल की बैठक बिलंदा के एक विद्यालय में आयोजित हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों को जोर देकर एसआईआर कार्यक्रम में लगने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग कर एक स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। इस मौके पर अभियान संयोजक मनोज मिश्रा, उदय लोधी, पुष्पा पासवान, पंकज त्रिवेदी, विवेक श्रीवास्तव, विधानसभा संयोजक बच्चा तिवारी, धनंजय द्विवेदी, अभिषेक शुक्ला, शिवपूजन तिवारी, बृजेश द्विवेदी, लाल सिंह चन्देल, अजय सिंह रिंकू लोहारी, स्वरूप राज सिंह जूली, शानू सिंह, सुरेन्द्र मौर्य समेत मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव स्थित ललौली रोड के पास एक निर्माणाधीन मकान की छत पर काम कर रहे 32 वर्षीय युवक की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।
जानकारी के अनुसार डीघ गांव निवासी अमित विश्वकर्मा पुत्र राकेश कुमार विश्वकर्मा दोपहर में छत पर सरिया बांधने का काम कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक ऊपर चढ़ गया और सिर के ऊपर से गुजरी 11 केवी हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगते ही वह जोर से चिल्लाया और छत पर ही गिर पड़ा। साथी मजदूरों ने उसे तुरंत नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलते ही बिंदकी पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में कई जगह हाईटेंशन लाइनें बहुत नीची गुजर रही हैं जिससे पहले भी हादसे हो चुके हैं। लोगों ने बिजली विभाग से लाइन की ऊंचाई बढ़ाने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की मांग की है। मृतक अमित अपने पीछे पत्नी, दो छोटे बच्चे और बुजुर्ग माता–पिता छोड़ गया है। उसकी मौत से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक की लहर है।

# शिक्षा विभाग की लापरवाही, विद्यालय में लगा ताला

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। खागा तहसील के अंतर्गत विकास खंड ऐरायां के प्राथमिक विद्यालय सनावरदेई में शनिवार को विद्यालय में अध्यापकों के न पहुंचने से स्कूल में ताला लगा रहा जिसके कारण सभी बच्चे बाहर खेलते नजर आए तो वहीं पर कुछ बच्चे वापस लौट गए।
विद्यालय में तैनात शिक्षक राजेश कुमार शुक्ला की ट्रेनिंग होने के दौरान संबंधित अटैच अध्यापक दोपहर 12 बजे तक नहीं पहुंचे। पूरे मामले में एबीएसए ऐरायाँ से फोनिक वार्ता करने पर बताया गया कि संकुल प्रभारी इजहारुल द्वारा किसी भी अध्यापक को अटैच किया गया होगा।

# ट्रैक्टर पलटने से पल्लेदार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो
फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बजरंगापुर के समीप शनिवार की दोपहर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट जाने से 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बजरंगापुर गांव निवासी रामखेलावन का पुत्र हरिओम पल्लेदारी करता था। बताते हैं कि दोपहर लगभग दो बजे गांव के ही लालबाबू व एक अन्य युवक के साथ ट्रैक्टर से किसी काम से जा रहे थे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )